>

Title: Need to discuss Socio-Economic, Political and Educational backwardness of minorities in the country.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): माननीय सभापति महोदया, आपने मुझे इस सदन में अति अविलम्बनीय प्रश्न पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। आज पूरे देश में अल्पसंख्यकों की स्थिति 18 करोड़ के करीब है। अगर देखा जाये तो उनकी शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति बहुत खराब है। अभी पिछले सदन में हम लोगों ने मांग उठायी थी कि रंगनाथ मिश्रा जी की रिपोर्ट तत्काल इस सदन में प्रस्तुत की जाये और उस पर चर्चा हो। माननीय प्रधान मंत्री जी ने हमारी मांग को स्वीकार किया और उस पर थोड़ी बात चर्चा हो पायी। उसके बाद उस सत्र का सत्रावसान हो गया। लेकिन जब तक हम रंगनाथ मिश्रा जी की रिपोर्ट लागू करके मुस्लिम भाइयों को आरक्षण नहीं देते हैं, तो उनका जीवन स्तर ऊपर नहीं उठ सकता है।

जहां तक महिला आरक्षण बिल की बात है, तो सभापति महोदया, आपने देखा होगा कि हम लोग इस सदन में बड़े जोर-शोर तरीके से मुस्लिम, दलित और पिछड़े वर्गों की महिलाओं को राजनीति में आरक्षण देने की बात उठा चुके हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से इस सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि रंगनाथ मिश्रा की रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत करके चर्चा करायी जाये, ताकि मुस्लिम भाइयों की शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।